HPAS (Main) Examination - 2018

HINDI (हिंदी)

Time Allowed: 03 Hours | Maximum Marks: 100

निर्धारित समय : तीन घंटे | अधिकतम अंक : 100

Roll No. (रोल नंबर)________________________

## प्रश्न पत्र के लिए विशिष्ट निर्देश

प्रश्नों का उत्तर देने से पहले कृपया नीचे दिए गए प्रत्येक निर्देशों को ध्यान से पढ़ें।

1. इस प्रश्न पत्र में चार मुद्रित पृष्ठ शामिल हैं ।
2. इस प्रश्न पत्र में पांच प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
3. उम्मीदवार को दिए गए निर्देशों के अनुसार प्रश्नों / भागों का उत्तर देना होगा।
4. प्रश्न / भाग के अधिकतम अंकों की संख्या इसके विरुद्ध इंगित की गई है।
5. प्रश्न के सभी भागों के उत्तर को प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में उनके लिए निर्दिष्ट स्थान पर लिखना होगा। भाग / प्रश्नों के उत्तर को अनुक्रमिक क्रम में गिना जाएगा।
6. जब तक आंशिक उत्तर काटा नहीं जाता, तब तक वह उत्तर एक प्रश्न का उत्तर गिना जाएगा। प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़ दिया गया कोई भी पृष्ठ या भाग स्पष्ट रूप से रेखा खींचकर काटना चाहिए।
7. उम्मीदवार को स्पष्ट, सुपाठ्य और संक्षिप्त उत्तर लिखना और शब्द सीमा का पालन करना आवश्यक है, जहां भी संकेत दिया गया है। शब्द सीमा का पालन करने में विफलता को दंडित किया जा सकता है।
8. उत्तर पुस्तिका के पुनर्मूल्यांकन / पुनः जाँच की अनुमति नहीं है।

## QUESTION PAPER SPECIFIC INSTRUCTIONS

Please read each of the following instructions carefully before attempting questions.

1. This question paper contains four printed pages.
2. There are five questions in this question paper. All questions are compulsory.
3. Candidate should answer the questions / parts as per given instructions.
4. The number of marks carried by question / part is indicated against it.
5. All parts of the question should be attempted at the place designated for them in the Question-cum-Answer Booklet. Attempts of part / questions shall be counted in sequential order.
6. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off by drawing a line across it.
7. Candidate is required to write clear, legible and concise answers and to adhere to word limit, wherever indicated. Failure to adhere to word limit may be penalized.
8. Re-evaluation / re-checking of answer book is not allowed.

1. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 300 शब्दों में सारगर्भित निबंध लिखिए: 30 अंक

   (1) भारत का अंतरिक्ष-अभियान: इतिहास और उपलब्धि

   (2) अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा-स्पर्धाओं में महिलाओं का स्थान

   (3) हिमाचल में सांस्कृतिक पर्यटन के विकास की सम्भावनाएँ

2. (क) निम्नलिखित अंग्रेजी गद्यांश का हिंदी में अनुवाद कीजिए: 10 अंक

If the division between the decision makers and executors exists in the scientific community, it is a fact of the socioeconomic system and not of the pragmatics of science itself. It is in fact one of the major obstacles to the imaginative development of the knowledge. The general question of legitimation becomes: What is the relationship between the anti-model of the pragmatics of science and society? Is it applicable to the vast clouds of language material constituting a society? Or is it limited to the game of learning? And if so, what role does it play with respect to the social bond? Is it an impossible ideal of an open community? Is it an essential component for the subset of decision makers, who force on society the performance criterion they reject for themselves? Or, conversely, is it a refusal to cooperate with the authorities, a move in the direction of counterculture, with the attendant risk that all possibility for research will be foreclosed due to the lack of funding?

(ख) निम्नलिखित हिंदी गद्यांश का अंग्रेजी में अनुवाद कीजिए: 10 अंक

एक प्रकार से प्रेस कौंसिल प्रेस के लिए सफाई और अभियोग-- दोनों वकीलों का काम करती है. जहाँ कौंसिल प्रेस और पत्रकारों को नाजायज बाह्य आक्रमण से बचाती है, वहीं वह प्रेस को उसके अनैतिक कार्यों के लिए डांटती-फटकारती भी है. कौंसिल के पास शासन की कोई दंड-संहिता नहीं है, लेकिन उसका नैतिक अधिकार निर्विवाद है। यदि कोई अखबार या पत्रकार आचार-संहिता का उल्लंघन करता है तो कौंसिल उस अखबार या पत्रकार की निंदा कर सकती है, उसे सावधान कर सकती है और उसे बाध्य कर सकती है कि वह अखबार कौंसिल के निर्णय को प्रकाशित करे. समाचार-पत्र के विरुद्ध शिकायत की दशा में कौंसिल पत्र को क्षमा-याचना छापने के लिए बाध्य कर सकती है। प्रेस कौंसिल प्रेस की शिकायतों पर भी विचार करती है और उनके समाधान की भी कोशिश करती है. यह बात शायद कुछ अनोखी लगे परन्तु यह तथ्यों पर आधारित है कि सरकार भी पत्र-पत्रिकाओं के खिलाफ प्रेस कौंसिल के पास अपनी शिकायतें भेजती है.

3. (क) निम्नलिखित पद्यांश की व्याख्या कीजिए: 10 अंक

टुकड़े-टुकड़े हो बिखर चुकी मर्यादा
उसको दोनों ही पक्षों ने तोड़ा है
पाण्डव ने कुछ कम कौरव ने कुछ ज्यादा
यह रक्तपात अब कब समाप्त होना है
यह अजब युद्ध है नहीं किसी की भी जय
दोनों पक्षों को खोना ही खोना है
अन्धों से शोभित था युग का सिंहासन
दोनों ही पक्षों में विवेक ही हारा
दोनों ही पक्षों में जीता अन्धापन
भय का अन्धापन, ममता का अन्धापन

अधिकारों का अन्धापन जीत गया
जो कुछ सुन्दर था, शुभ था, कोमलतम था
वह हार गया....द्वापर युग बीत गया

(ख) निम्नलिखित गद्यांश की अपने शब्दों में व्याख्या कीजिए: 10 अंक

यह कहना भी ठीक नहीं है कि विज्ञान हमें अविकल सत्य देता है, यथार्थ का साक्षात्कार कराता है और कविता केवल कल्पना का विलास है. विज्ञान हमारे अनुभव को आंशिक रूप में ही ग्रहण कर सकता है. ऐन्द्रिय अनुभूति में भी ऐसे गुण हैं जिनका ग्रहण वैज्ञानिक उपकरणों द्वारा संभव नहीं; जैसे रंग, माधुर्य, गंध. वैज्ञानिक का ज्ञान इसीलिए पूर्ण और निर्भ्रांत नहीं है क्योंकि आंशिक होने के कारण वह वस्तु की ओर संकेत मात्र कर सकता है. विज्ञान यथार्थ का अन्वेषक तो है परन्तु यथार्थ की परिभाषा वह अपने साधनों और शक्ति को ध्यान में रख कर करता है. वह पहले ही कह देता है कि वही यथार्थ है जो मेरी पद्धति द्वारा ग्राह्य है. यह ऐसे ही है जैसे कोई व्यक्ति निरंतर न्याय में अपनी आस्था व्यक्त करे परन्तु यह भी कहता चले कि न्याय वही है जो मैं करता हूँ या कर सकता हूँ. विज्ञान का क्षेत्र "सामान्य" का क्षेत्र है, जबकि कविता और कला का विचरण "विशेष" के क्षेत्र में होता है. विज्ञान अपनी सामान्योन्मुखी प्रवृत्ति के कारण कविता के सत्य को समझने में असमर्थ है.

4. (क) निम्नलिखित मुहावरों / लोकोक्तियों का अर्थ स्पष्ट करते हुए उनका वाक्यों में प्रयोग कीजिये: 05 अंक

(1) आँख का काजल चुराना
(2) टेढ़ी खीर होना
(3) तेल देखो, तेल की धार देखो
(4) जूतियों में दाल बाँटना
(5) हथेली पर सरसों हरी नहीं होती

(ख) निम्नलिखित वाक्यों के शुद्ध रूप लिखिए: 05 अंक

(1) तुम कक्षा में आते हो तो तुम्हारी पुस्तक साथ क्यों नहीं लाते?
(2) इस विषय पर एक भी अच्छी पुस्तकें नहीं हैं।
(3) बल्लेबाज ने सुंदर कलाई का प्रयोग करते हुए चौका मारा।
(4) क्या आज फिल्म देखना संभव हो सकता है?
(5) पत्रोत्तर शीघ्र दें.
आपका भवदीय
मोहन

(ग) निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक-एक शब्द लिखिए: 05 अंक

(1) किसानों से भूमि-कर लेने वाला सरकारी विभाग
(2) किसी संस्था या व्यक्ति के पचास वर्ष पूरे करने के उपलक्ष्य में होने वाला उत्सव
(3) जो पृथ्वी के भीतर का ज्ञान रखता हो
(4) जो चोरी-छिपे माल लाता, ले जाता हो

(5) जिसकी गहराई का पता न लग सके

(घ) निम्नलिखित शब्द एक या एक से अधिक उपसर्गों के संयोग से बने हैं । इनके उपसर्गों को अलग कर उन उपसर्गों का अर्थ स्पष्ट कीजिये: 05 अंक

(1) व्यभिचार
(2) अप्रत्याशित
(3) अन्वेषण
(4) प्रोन्नति
(5) निरीक्षण

5. (क) निम्नलिखित की सोदाहरण परिभाषा दीजिये: 04 अंक

(1) कर्म वाच्य
(2) क्रिया-विशेषण
(3) व्यंजन संधि
(4) सम्बन्ध कारक

(ख) मिलते-जुलते दिखने वाले निम्नलिखित शब्द-युग्मों के भिन्न अर्थ स्पष्ट कीजिये: 02 अंक

नोट : केवल एक शब्द का अर्थ लिखने पर अंक नहीं मिलेगा

(1) कृति-कृती
(2) निमित-नमित
(3) संकर-शंकर
(4) द्रव-द्रव्य

(ग) निम्नलिखित अनेकार्थी शब्दों के दो-दो अर्थ लिखिए: 02 अंक

नोट: केवल एक अर्थ लिखने पर अंक नहीं मिलेगा

(1) अंबर
(2) वर्ण
(3) गुण
(4) दंड

(घ) यथा निर्देश उत्तर दें: 02 अंक

(1) "वह घर गया और काम पर लग गया." सरल वाक्य बनायें।
(2) 'शुष्क' का विलोम शब्द लिखें।
(3) 'घी' का तत्सम रूप क्या है?
(4) 'फ' का उच्चारण स्थान लिखें।